भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय,
उत्तराखण्ड देहरादून।

संख्या 4019/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24 दिनांक 04 नवम्बर, 2023

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु जारी पुर्ननिविदा (Re-Tender) के सम्बन्ध में
शुद्धि पत्र (Corrigendum)

इस कार्यालय के पत्र सख्या 3965/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24 दिनांक 01 नवम्बर, 2023 के द्वारा उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली 2023 के अध्याय–4 के प्रावधानों के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के 05, टिहरी गढवाल के 01, रूद्रप्रयाग के 01, अल्मोड़ा के 02, पिथौरागढ के 02, चमोली के 01 एवं बागेश्वर के 06 कुल 18 उपखनिज लॉटों हेतु प्रथम एंव द्वितीय बार की निविदा आमंत्रण के उपरान्त भी निविदा प्राप्त न होने के कारण निविदा प्रपत्र की अनुभव से सम्बन्धित शर्त संख्या 18 को हटाते हुए "द्वितीय बार आमंत्रित पुर्ननिविदा (Re-Tender) प्रक्रिया में अनुभव की शर्त को हटा दिया गया है के दृष्टिगत उक्त निविदित लॉटों में अनुभव प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है" तीसरी बार निविदा आमंत्रित की गयी है के सम्बन्ध में पुर्नविचार के उपरान्त पूर्व में जारी निविदा के सम्बन्ध में समय–सारणी एवं अनभुव की शर्त को निम्नवत रखा जाता है:–

<table>
<tr><th>क्र0सं0</th><th>पूर्व निर्धारित समय–सारणी/शर्त</th><th>संशोधित/नवीन शर्त</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>ऑन लाइन ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एंव समय दिनांक 08 नवम्बर, 2023 (बुद्धवार) सांय 5:00 बजे तक।</td><td>दिनांक 16 नवम्बर, 2023 (बृहस्पतिवार) अपरान्ह 02:00 बजे तक।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>तकनीकी निविदा खोलने तथा ई–निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय दिनांक 09 नवम्बर, 2023 (बृहस्पतिवार) सांय 5:00 बजे तक।</td><td>दिनांक 16 नवम्बर, 2023 (बृहस्पतिवार) अपरान्ह 03:00 बजे से।</td></tr>
<tr><td>3</td><td>निविदा प्रपत्र भाग–1 की शर्त संख्या 18–नदीतल स्थित खनन लॉटों/खनन अनुज्ञा/स्टोन क्रेशरों/स्क्रीनिंग प्लांट के सचालन का न्यूनतम 06 माह का अनुभव प्रमाण पत्र जोकि सम्बन्धित जनपद के जिला खान अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो, प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।</td><td rowspan="3">नदीतल स्थित खनन लॉटों/खनन अनुज्ञा/स्टोन क्रेशरों/स्क्रीनिंग प्लांट के सचालन का न्यूनतम 01 माह का अनुभव प्रमाण पत्र जोकि सम्बन्धित जनपद के जिला खान अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो, प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।</td></tr>
<tr><td>4</td><td>निविदा प्रपत्र भाग–2 की शर्त संख्या 5(14) नदीतल स्थित खनन लॉटों/खनन अनुज्ञा/स्टोन क्रेशर/स्क्रीनिंग प्लांट/ के संचालन का न्यूनतम 06 माह का अनुभव प्रमाण–पत्र जो कि सम्बन्धित जनपद के जिला खान अधिकारी द्वारा निर्गत हो, प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।</td></tr>
<tr><td>5</td><td>निविदा प्रपत्र भाग–3 चैक लिस्ट बिन्दु–14–नदीतल स्थित खनन लॉटों/खनन अनुज्ञा/स्टोन क्रेशर/स्क्रीनिंग प्लांट/ के संचालन का न्यूनतम 06 माह का अनुभव प्रमाण–पत्र जो कि सम्बन्धित जनपद के जिला खान अधिकारी द्वारा निर्गत हो, प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।</td></tr>
</table>

समस्त निविदादाताओं को निर्देशित किया जाता है कि उक्तानुसार अनुभव प्रमाण प्रत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही निविदा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जायेगा। उपरोक्तानुसार कार्यालय के पत्र सख्या 3965/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24 दिनांक 01 नवम्बर, 2023 के द्वारा जारी निविदा को उक्त सीमा तक ही संशोधित समझा जायेगा शेष निविदा की शर्ते एंव प्रतिबन्ध यथावत रहेगा।

04/11/2023
(एस0 एल0 पैट्रिक)
निदेशक